FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

सराहनीय कार्य दिनाँक 11-09-2025 थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा अवैध पशु कटान करने वाले शातिर अभियुक्त चंदा उर्फ चांद कुरैशी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार ।

- **अभियुक्त चंदा उर्फ चांद कुरैशी थाना रामगढ़ के मु0अ0सं0 557/25 में वांछित अभियुक्त था ।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर, 02 खोखा कारतूस बरामद ।**
- **घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है ।**

दिनांक 04-09-2025 को थाना रामगढ़ पर मु0अ0सं0 557/25 धारा 271, 272 बीएनएस0 व 11(1)(ख) पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया था उक्त प्रकरण की विवेचना के दौरान अभियुक्त चंदा उर्फ चांद कुरैशी का नाम प्रकाश में आया । उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था । पुलिस टीमों द्वारा उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी । इसी क्रम में आज दिनांक 11-09-2025 को मुखबिर खास द्वारा पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 557/25 में वांछित अभियुक्त चंदा उर्फ चांद कुरैशी अबू हुरैरा स्कूल के पीछे हसमतनगर के पास छिपा हुआ है जोकि किसी घटना को अंजाम देनें की फिराक में है । सूचना पर तत्काल थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु मौके पर पहुँचकर अभियुक्त की घेराबंदी की गयी । खुद को घिरता हुआ व पुलिस टीम को नजदीक आता हुआ देखकर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया । आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में अभियुक्त चंदा उर्फ चांद कुरैशी पैर में गोली लगने से घायल हो गया । अभियुक्त चंदा उर्फ चांद कुरैशी के थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 557/2025 का वांछित अभियुक्त है । अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 जिंदा कारतूस एवं 02 खोखा कारतूस बरामद हुए हैं । घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. चंदा उर्फ चांद कुरैशी पुत्र हाजी मुकीम निवासी मदीना कॉलोनी थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद ।

बरामदगी का विवरण –

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 01 जिंदा कारतूस 315 बोर।
3. 02 खोखा कारतूस 315 बोर।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त -

1. मु0अ0सं0 624/24 धारा 11(1)(I) पशु क्रूरता अधिनियम व धारा 271/272/325 भादवि थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 578/24 धारा 271/272 बीएनएस थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 557/25 धारा 271/272/325 बीएनएस0 व 11(1)(ख) पशु क्रूरता अधिनियम थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद
4. मु0अ0सं0 579/25 धारा 109(1) बीएनएस (पु0मु) व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना रामगढ़ जपनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 संजीव कुमार दुबे थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 विकास कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 राजकुमार सिंह थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 शुभम सागर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 अतुल शर्मा थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 दिवेश कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
7. है0कां0 670 मोहन श्याम थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
8. कां0 753 ओमकार सिंह थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
9. है0कां0 343 योगेश कुमार थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
10. कां0 720 चन्द्रशेखर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
11. कां0 279 बैनू प्रसाद थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।